संदेश

रक्षा लेखा विभाग के वार्षिक दिवस पर मेरी ओर से रक्षा लेखा परिवार के सभी सदस्यों को अनंत शुभकामनाएं।

रक्षा लेखा विभाग भारत के प्राचीनतम विभागों में से एक है जो लेखांकन, लेखा परीक्षा, भुगतान, पेंशन, वित्तीय सलाह आदि के क्षेत्र में अपने हित धारकों को उत्कृष्ट सेवाएं देने हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहा है।

आधुनिकता के युग में तकनीकी एवं डिजिटल क्षेत्र में हो रहे लगातार परिवर्तन एवं नवीनतम प्रतिक्रियाओं को हमने सदैव अपनाया है ताकि अपने हित धारकों को सरलता, सटीकता तथा तत्परता के साथ सेवाएं प्रदान की जा सकें।

इन सभी महत्वपूर्ण परिमापों को क्रियान्वित करने में रक्षा लेखा विभाग के प्रत्येक सदस्य का सदैव ही अहम योगदान रहा है। इस अवसर पर मैं आप सभी के बहुमूल्य प्रयासों एवं सहयोग की सराहना करती हूं।

रक्षा लेखा विभाग दिवस के इस अवसर पर आओ हम सब संकल्प लें कि हम अपनी सकारात्मक सोच को विभाग की उन्नति के प्रति समर्पित करते रहेंगे एवं आजादी के इस अमृत काल में विकसित भारत के लक्ष्य को पाने की दिशा में भारत सरकार के सपने को साकार रूप देंगे।

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 30.09.2024

देविका

(देविका रघुवंशी)

रक्षा लेखा महानियंत्रक